# कंकाल के रूप में मिली बिहार के लापता इंजीनियर की लाश

- सड़क हादसे की आशंका,
- पांच दिन बाद मिली

**उज्जैन।** क्रेशर स्टोन मशीन की शिफ्टिंग के लिए बिहार से आया इंजीनियर 5 दिन पहले लापता हो गया था। जिसकी लाश शनिवार सुबह सड़क किनारे पुलिया के पास सूखे गड्ढे में पड़ी मिली। लाश को जानवरों ने नोंच लिया था जिसके चलते लाश क्षत-विक्षत हालत में हो चुकी थी। पुलिस में दुर्घटना की आशंका जताई है मामले में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है।

नरवर थाना पुलिस ने बताया कि सुबह ग्राम केसुनी के सुनसान मार्ग पर सूखे नालेनुमा गड्ढे से दुर्गंध आने पर कुछ लोगों ने देखा तो एक्टिवा सहित एक युवक का कंकाल पड़ा होना सामने आया। मामले की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी बल्लू मंडलोई टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। मृतक की बॉडी बाहर निकाली गई। मृतक की पहचान संजीव पिता सुधीर पंडित निवासी नालंदा बिहार के रूप में हुई। मृतक पिछले 5 दिन से लापता था। जिसकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। थाना प्रभारी के अनुसार मामला सड़क दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है एक्टिवा से गुजरते समय ग्रामीण क्षेत्र के मार्ग पर अज्ञात वाहन द्वारा संभवत टक्कर मारी गई होगी जिसके चलते एक्टिवा सहित सूखे नाले में गिरने से मौत हुई है। शव पांच दिन पुराना होने और गर्मी बारिश की वजह से उसकी त्वचा झुलस गई थी। साथ ही जानवरों द्वारा शव को क्षत-विक्षत किया गया है जिसके चलते कंकाल के रूप में तब्दील हो चुका था। पुलिस के अनुसार मृतक पिपलोदा द्वारकाधीश में कुलदीप के यहां गिट्टी खदान पर इंजीनियरिंग का काम करने आया था। जानकारी सामने आई है कि गिट्टी खदान पर मशीन को शिफ्ट किया जाना था जिसके चलते उसे 30 मई को बुलाया गया था। लेकिन वह लापता हो गया था। संजीव के लापता होने और परिजनों से संपर्क नहीं होने पर परिवार के लोग भी उज्जैन पहुंच गए थे। परिजनों ने ही उसकी 3 जून को गुमशुदगी दर्ज कराई थी। फिलहाल मामले में मर्ग कायम किया गया है शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। मौत की सही वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही सामने आ पाएगी।

### होमगार्ड के दो जवानों को हटाया गया

प्रभारी अधीक्षक के साथ ही यहां पर तैनात होमगार्ड के जवानों पर भी गलत गतिविधियों में शामिल होने का मामला उजागर हुआ था। जिसके चलते दो जवानों को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। बताया जा रहा है कि बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. निवेदिता शर्मा की नाराजगी के बाद अब महिला एवं बाल विकास विभाग और जिला प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है।

# बाढ़ का खतरा सिर पर, जंग लड़ने को तैयार प्रशासन

## 9 रेस्क्यू टीमें रहेंगी 24 घंटे तैनात, हर साल डूबते घाट और बस्तियां, कैमरे और फायर सेफ्टी से प्रबंधन

**उज्जैन।** मानसून के दौरान प्रति वर्ष शिप्रा नदी का जलस्तर बढ़ने और शहर के निचले इलाकों में जलभराव की समस्या लोगों के लिए बड़ी परेशानी बन जाती है। रामघाट सहित घाट क्षेत्र के मंदिर जलमग्न हो जाते हैं, बहादुरगंज, एटलस चौराहा, केडी गेट, दशहरा मैदान और आसपास की बस्तियों में घरों तक पानी पहुंच जाता है। कई बार सड़क संपर्क टूटने, यातायात बाधित होने और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की नौबत आ जाती है।

इन्हीं संभावित हालातों को देखते हुए जिला प्रशासन ने मानसून से पहले बाढ़ और आपदा प्रबंधन की तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। उज्जैन महाकाल की नगरी में मानसून के दौरान शिप्रा नदी का बढ़ता जलस्तर और निचले इलाकों में जलभराव हर वर्ष प्रशासन और नागरिकों के लिए चुनौती बन जाता है। भारी बारिश के दौरान शिप्रा नदी उफान पर आ जाती है, जिससे रामघाट के छोटे-बड़े मंदिर जलमग्न हो जाते हैं। घाट क्षेत्र में संचालित दुकानों और धार्मिक गतिविधियों पर भी इसका सीधा असर पड़ता है। इन्हीं संभावित परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने मानसून पूर्व आपदा प्रबंधन तैयारियों का जायजा लिया है। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी अतेन्द्र सिंह गुर्जर ने होमगार्ड लाइन पहुंचकर उपलब्ध मानव संसाधनों और आपदा प्रबंधन उपकरणों का निरीक्षण किया। उन्होंने उपलब्ध बोट, ओबीएम, डीप डाइविंग सेट तथा सीएसएसआर उपकरणों का भौतिक सत्यापन किया और उनके संचालन की जानकारी भी ली। निरीक्षण में एसडीईआरएफ टीम ने थ्रो बैग और विक्टिम लोकेशन कैमरे के उपयोग का प्रदर्शन किया।



### जनजीवन प्रभावित

बाढ़ की स्थिति में बहादुरगंज, एटलस चौराहा, केडी गेट, दशहरा मैदान सहित कई निचली बस्तियों में पानी भर जाता है। घरों में पानी घुसने से लोगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है और सामान्य जनजीवन प्रभावित हो जाता है। नदी का जलस्तर बढ़ने पर कई मार्गों पर आवागमन बाधित हो जाता है तथा सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन को घाट क्षेत्रों में बैरिकेडिंग करनी पड़ती है। गंभीर हालात में प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों, स्कूलों और धर्मशालाओं में बनाए गए राहत शिविरों तक पहुंचाना पड़ता है। प्रशासन का कहना है कि मानसून के दौरान किसी भी आपात स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक संसाधनों को तैयार रखा है।

### प्रभावित क्षेत्रों में हमने 9 दल गठित किए हैं : जाट

नवभारत से चर्चा में जिला सेनानी संतोष कुमार जाट ने बताया कि आगामी बाढ़ और मानसून से निपटने के लिए जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 9 डीआरसी गठित की गई हैं। प्रत्येक डीआरसी में लगभग 6 जवान आपदा प्रबंधन उपकरणों के साथ 24 घंटे शिफ्टवार तैनात रहेंगे। जवानों की क्षमता वृद्धि के लिए मई माह में 3 जिला स्तरीय और 2 संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 180 जवानों को बाढ़ आपदा से निपटने का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। जिन्हें प्रभावित क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा। जो कि प्रभावितों का बाढ़ से बचा सकें।

## बीमारी से परेशान वृद्ध ने दुपट्टे से लगाई फांसी

**उज्जैन।** बीमारी से परेशान वृद्ध ने बेटी के दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दरवाजा बंद होने पर पत्नी ने खिड़की से देखा तो पति फंदे पर लटका हुआ था। शनिवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम करा कर मामला जांच में दिया है। पंवासा थाना पुलिस ने बताया की बीती शाम शंकरपुर में 60 साल के वृद्ध द्वारा घर में फांसी लगाये जाने की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची थी। घटनास्थल पर मृतक का नाम नाम सुरेश पिता कन्हैयालाल कुकड़े सामने आया है। पत्नी रंजना ने बताया कि दरवाजा नहीं खुलने पर खिड़की से देखा तो पति फंदे पर लटका हुआ था आसपास के लोगों को बुलाकर दरवाजा तोड़ा गया और नीचे उतारा। पत्नी के अनुसार पति लंबे समय से बीमार चल रहे थे उनका उपचार भी जारी था वहां बीमारी के चलते तनाव में रहने लगे थे संभवत इसी के चलते दुपट्टे से फांसी लगाई है। परिवार में एक बेटा और एक बेटी है बेटा इंदौर में रहता है और बेटी परीक्षा देने गई हुई थी। परिजनों ने बताया कि मृतक की पत्नी प्राइवेट स्कूल में शिक्षिका है। पुलिस के अनुसार मामले में मर्ग कायम किया गया है।

# महाकाल दर्शन करने आ रही महिला की हादसे में मौत

**उज्जैन।** शनिवार सुबह इंदौर रोड पर हादसे में महाकाल दर्शन करने आ रही महिला की मौत हो गई। बहन का लड़का बाइक चला रहा था। रफ्तार पर नियंत्रण नहीं रख पाने के चलते बाइक डिवाइडर से टकरा गई थी।

ललितपुर की रहने वाली राजकुमारी पति सत्यनारायण साहू 55 साल कुछ दिन पहले इंदौर के भवानी नगर में रहने वाली अपनी बहन के घर आई थी। जहां उन्होंने महाकाल दर्शन की इच्छा जताई। सुबह बहन का लड़का रितिक साहू अपनी मौसी को बाइक से महाकाल दर्शन कराने के लिए उज्जैन लेकर आ रहा था। सुबह 7 बजे के लगभग इंदौर रोड स्थित निनौरा के समीप अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से जा टकराई। दुर्घटना में बाइक पर पीछे बैठी राजकुमार साहू गिरकर गंभीर घायल हो गई। पीछे ही कुछ रिश्तेदार और बाइक से आ रहे थे जिन्होंने हादसा देखा तो तत्काल राजकुमारी और रितिक को अस्पताल पहुंचाया जहां परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने राजकुमारी को मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी लगते ही परिवार उज्जैन पहुंच गया था। नानाखेड़ा पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया।

### अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

भैरवगढ़ क्षेत्र का रहने वाला बलराम पिता सिद्धूजी 45 साल मजदूरी करता था। रात में उन्हेल रोड से घर लौट रहा था। उसी दौरान अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में मौके पर ही बलराम की मौत हो गई। भैरवगढ़ पुलिस द्वारा सूचना मिलने पर घटना स्थल से शव अस्पताल पहुंचाया। उसके पास मिले दस्तावेजों से पहचान कर परिजनों को सूचना दी गई।

# विकास कार्य का किया भूमिपूजन




**उज्जैन।** दक्षिण विधानसभा में लगातार निर्माण कार्य चल रहे हैं लगभग 133 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन नगर निगम सभापति कलावती यादव एवं जनप्रतिनिधियों ने किया। ग्राम पंचायत दाऊदखेड़ी में 45 लाख की लागत से विभिन्न विकास कार्य एवं ग्राम पंचायत सिकंदरी में 86 लाख के कार्यों का भूमिपूजन नगर निगम सभापति कलावती यादव ने किया। कार्यक्रम में सौभाग्य सिंह, सतीश सिदल, विनोद यादव, विजय चौधरी, पंकज मिश्रा, जितेंद्र कृपलानी, इंदर सिंह चौधरी, विजय चौधरी, रामेश्वर पटेल, संजय आंजना, वीरेंद्र आंजना। इस अवसर पर नगर निगम सभापति ने एक पेड़ मां के नाम पर्यावरण दिवस पर पौधा रोपण भी किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण जन एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## एक नजर में



### कबड्डी में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**उज्जैन।** क्रीड़ा भारती की ओर से पीपली नाका चौराहे पर आयोजित जिला स्तरीय बालक-बालिका कबड्डी प्रतियोगिता रोमांचक मुकाबलों के साथ संपन्न हुई। जिलेभर से आए खिलाड़ियों ने मैदान पर उत्कृष्ट खेल भावना और कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में क्रीड़ा भारती के प्रांत मंत्री हरीश डागुर, उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, पूर्व नगर निगम अध्यक्ष सोनू गहलोत, कैलाश शर्मा और वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश अग्रवाल बतौर अतिथि शामिल हुए। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम हैं। कबड्डी जैसे पारंपरिक भारतीय खेल युवाओं में अनुशासन, साहस, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। प्रतियोगिता में कई रोमांचक मुकाबले खेले गए। आयोजन को सफल बनाने में कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवकों, निर्णायकों और चिकित्सा दल की अहम भूमिका रही। अंत में आयोजन के संयोजक गणेश बागड़ी उर्फ गज्जू पहलवान ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों और सहयोगियों का आभार माना।




### टीबी मरीजों को बांटा पोषण आहार

**उज्जैन।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा और जिला अस्पताल के संयुक्त प्रयास से कोठी रोड पर दो दिवसीय नि:शुल्क आयुष्मान कार्ड शिविर लगाया गया। सुबह 6 से 9 बजे तक चले इस विशेष शिविर में मार्निंग वॉक पर निकले 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों ने आसानी से अपने आयुष्मान कार्ड बनवाए। इसके साथ ही जिला रेड क्रॉस द्वारा चरक भवन में टीबी के मरीजों को नि:शुल्क पोषण आहार भी भेंट किया। सुबह सैर करने निकले राहगीरों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि व्यस्त दिनचर्या के बीच एमपी ऑनलाइन जाने की समस्या इस शिविर के कारण दूर हो गई। रेड क्रॉस सचिव अनुराग जैन ने बताया कि इस नि:शुल्क शिविर में आयुष्मान मित्र मनोज गोस्वामी और आकाश पंडाराम ने सेवाएं दीं। मौके पर रेड क्रॉस जिला शाखा के अनोखीलाल शर्मा और कोषाध्यक्ष विजेंद्र वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।



### भागवत कथा में श्रीकृष्ण विवाह प्रसंग हुआ

**उज्जैन।** देवास रोड स्थित होटल ज्योतिर्लिंग में स्वर्गीय श्री बालमुकुंद शर्मा की स्मृति में अयोजित भागवत कथा में श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह प्रसंग आनंद सम्पन्न हुआ।

## युवक के पास मिला नकली सिगरेट का जखीरा

उज्जैन। गोल्ड फैल्क कंपनी की नकली सिगरेट बाजार में खपाने निकले युवक को पुलिस ने हिरासत में लिया है। युवक के पास से 500 पैकेट बरामद किये गये हैं। कंपनी के सुपरवाईजर की जांच के बाद मामले में युवक के खिलाफ कॉपी राईट एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया। माधवनगर थाना एसआई सालगराम चौहान ने बताया कि सर्कल् भ्रमण के दौरान सूचना मिली थी कि बाइक सवार एक युवक जीरो पाइंट ब्रिज के नीचे नकली सिगरेट का बेग लेकर खड़ा है। जो बाजार में खपाने की फिराक में घूम रहा है। युवक की तलाश में जीरो पाइंट ब्रिज पहुंचकर उक्त युवक की पहचान कर उसे हिरासत में लिया और पूछताछ की गई। युवक का नाम गोविंद पिता संतोष खींची निवासी ग्राम आक्या थाना बैरछा शाजापुर हाल मुकाम वर्माजी का कुंआ पंवासा सामने आया। उसके पास से बैग में रखी गोल्ड फैल्क कंपनी की सिगरेट के संबंध में दस्तावेज मांगे गये। गोविंद दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा पाया। सिगरेट के असली और नकली की पहचान करने के लिये आईटीसी गोल्ड फैल्क कंपनी के सेल्स डिस्ट्रीब्यूटर महेश्वरी मार्केटिंग फ्रीगंज के सुपरवाइजर मुकेश बडोनिया से संपर्क किया गया और थाने बुलाया गया। जिसके आने पर सामने आया कि सिगरेट नकली है। जो हूबहू कंपनी के जैसी है। एसआई सालगराम चौहान के अनुसार नकली सिगरेट के 10 बॉक्स में भरे 500 पैकेट बरामद होने पर युवक के खिलाफ कॉपी राइट एक्ट का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है। इस बात का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि सिगरेट कहां से लेकर आया था और कहां बेची है। युवक की बाइक और मोबाइल भी जब्त किया गया है।

# ड्रग तस्करी में फरार बदमाश का निकाला जुलूस

**उज्जैन।** एक माह से फरार ड्रग्स तस्कर को गुजरात से गिरफ्तार करने के बाद रात में पुलिस ने उसका क्षेत्र में जुलूस निकाला। तस्कर अपने चाचा और भाई के साथ मिलकर मादक पदार्थ सप्लाय करने का काम करता था। पुलिस तस्कर से रिमांड पर पूछताछ कर रही है। उसने राजस्थान के अमजद लाला से मादक पदार्थ लाना कबूल किया है।

अप्रैल माह में पुलिस ने गरोठ ब्रिज के नीचे से कुख्यात बुंदेला गैंग के धम्मू उर्फ धर्मेन्द्र बुंदेला को 28 ग्राम ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया था जिसने काला उर्फ जयेन्द्र बुंदेला से ड्रग्स लेना बताया था। काला को भी पुलिस ने आरोपी बनाकर तलाश शुरू की थी। लेकिन वह फरार चल रहा था जिसे दो दिन पहले गुजरात के द्वारका से गिरफ्तार कर उज्जैन लाया गया।



चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि काला बुंदेला को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। जिसका रात में शिवशक्ति नगर क्षेत्र में जुलूस निकाला गया। वहीं उसकी तलाशी ली गई। काला बुंदेला ने पूछताछ में अपने भाई यशवेन्द्र बुंदेला उर्फ छिंगा के साथ मिलकर अवैध हथियार और मादक पदार्थ की तस्करी करना कबूल किया है। उसने राजस्थान के डग में रहने वाले अमजद लाला से ड्रग्स लाना कबूल किया है। अमजद और अन्य आरोपी की तलाश में एक टीम राजस्थान रवाना की गई है। छिंगा अवैध हथियार के मामले में निम्बाहेड़ा पुलिस की गिरफ्त में है। जिसे जल्द उज्जैन लाकर पूछताछ की जाएगी। फिलहाल काला बुंदेला से पूछताछ कर अवैध मादक पदार्थ से जुड़े लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है।

# कुचेरा भैरव मंदिर में आज होगी महाआरती

**उज्जैन।** अधिकमास महापर्व के अवसर पर रविवार 7 जून को पीपली नाका स्थित अतिप्राचीन कुचेरा भैरव मंदिर में महाआरती और विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। विश्व कल्याण और शांति की कामना को लेकर होने वाले इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। शासकीय पुजारी दुर्गा मंगल पुजारी ने बताया कि प्रत्येक तीन वर्ष में आने वाले अधिकमास के तहत कुचेरा भैरव की कृपा प्राप्ति के लिए यह धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महेश पुजारी होंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में रवि सोलंकी मौजूद रहेंगे। आयोजक मंगल पुजारी, शिव कुमार, पप्पू भैया और पर्वत सिंह चौहान ने भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में महाआरती और भंडारे में सम्मिलित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

# 12 जून से शुरू होगा सार्थक ओलंपिक, विभिन्न स्पर्धाएं होंगी आयोजित

- पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में गोला मंडी में हुआ विशेष आयोजन

**उज्जैन।** जैन सोशल ग्रुप सार्थक द्वारा 12 से 14 जून तक तीन दिवसीय सार्थक ओलंपिक थीम पार्टी का आयोजन किया जा रहा है। इसमें संस्था के लगभग 100 दंपत्ति विभिन्न टीमों में बंटकर 10 खेल प्रतियोगिताओं में अपनी खेल प्रतिभा और टीम भावना का प्रदर्शन करेंगे। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष अमित कावड़िया, राजेश पटनी और सचिव आशीष पीपाड़ा ने बताया कि ओलंपिक की तर्ज पर होने वाले इस आयोजन में प्रतिभागियों को विभिन्न टीमों में विभाजित कर अलग-अलग देशों का प्रतिनिधित्व सौंपा गया है। तीन दिवसीय इस खेल महोत्सव में कपल क्रिकेट, फुटबॉल, कबड्डी, गोला फेंक, भाला फेंक, वाटर वॉलीबॉल, स्लो साइकिल रेस, दौड़, रिले रेस और शूटिंग सहित कुल 10 प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

### विजेताओं प्रतियोगियों को मिलेंगे मेडल

प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को गोल्ड सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल प्रदान किए जाएंगे। सर्वाधिक पदक जीतने वाली टीम को चैंपियन ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए जैन सोशल ग्रुप मध्य प्रदेश रीजन और इंटरनेशनल फेडरेशन के पदाधिकारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम संयोजक संजय सूर्या और हेमंत कासलीवाल ने बताया कि खेल प्रतियोगिताओं के साथ-साथ मनोरंजन और टीम बिल्डिंग से जुड़े कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। आयोजन को लेकर सभी टीमें अपनी तैयारियों में जुटी हुई हैं।

# सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन

- शहर में लगातार विकास एवं निर्माण कार्यों का सिलसिला निरंतर जारी

**उज्जैन। वार्ड क्रमांक 50 की क्षेत्रीय पार्षद नविता विकास मालवीय के प्रयासों से क्षेत्र में नगर निगम द्वारा राशि रुपए लगभग 16 लाख की लागत से बनने वाली सीमेंट कांक्रीट रोड एवं नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन शनिवार को निगम अध्यक्ष कलावती यादव ने यूडीए के मुकेश यादव, मुकेश पोरवाल, पार्षद नविता विकास मालवीय की उपस्थिति में किया।**

उल्लेखनीय की वार्ड क्रमांक 50 स्थित पंचमपूरा क्षेत्र की विभिन्न गलियों में नगर निगम द्वारा निगम मद की राशि रुपए लगभग 16 लाख की लागत से सीमेंट कांक्रीट रोड एवं नाली निर्माण का कार्य करवाया जाएगा। जिससे क्षेत्र के नागरिकों को सुविधा मिलेगी। भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निगम अध्यक्ष कलावती यादव ने कहा कि उज्जैन शहर में लगातार विकास एवं निर्माण कार्य जारी रहेंगे। इस दौरान पंकज मिश्रा, ओम प्रकाश मोहने, अमय आप्टे, कल्याण शिवहरे, सचिन सक्सेना, विष्णु पोरवाल, राजकुमारी दीदी, सुमित्रा चौधरी, सोनल मोगी, टीना गुजराती, जया खेड़कर एवं वार्ड के सम्माननीय नागरिक उपस्थित रहे।

# 70 पार के बुजुर्गों ने बनवाए आयुष्मान कार्ड


**उज्जैन।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा और जिला अस्पताल के संयुक्त प्रयास से कोठी रोड पर दो दिवसीय नि:शुल्क आयुष्मान कार्ड शिविर लगाया गया। सुबह 6 से 9 बजे तक चले इस विशेष शिविर में मार्निंग वॉक पर निकले 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों ने आसानी से अपने आयुष्मान कार्ड बनवाए। सुबह सैर करने निकले राहगीरों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि व्यस्त दिनचर्या के बीच एमपी ऑनलाइन जाने की समस्या दूर हो गई। रेड क्रॉस सचिव अनुराग जैन ने बताया कि इस नि:शुल्क शिविर में आयुष्मान मित्र मनोज गोस्वामी और आकाश पंडाराम ने सेवाएं दीं। मौके पर रेड क्रॉस जिला शाखा के अनोखीलाल शर्मा और कोषाध्यक्ष विजेंद्र वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

एक नजर में | मंदिर समिति और प्रशासन तैयारी में लगे, 21 जून को आयोजन

# महाकाल के महालोक में होगा योग का आयोजन, हजारों लोग जुटेंगे

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर स्थित महाकाल महालोक में 21 जून को अंतर राष्ट्रीय योग दिवस पर योग का मुख्य कार्यक्रम होगा को भव्य और दिव्य स्वरूप देने की तैयारियां जिला प्रशासन और महाकाल मंदिर समिति ने शुरू कर दी हैं।

इस कार्यक्रम में हजारों लोग योग के लिए शामिल होंगे। उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने बताया मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर अंतर राष्ट्रीय योग दिवस को विशेष रूप से उज्जैन में आयोजित किया जा रहा है। इयार महाकाल मंदिर में अखाड़ों के संतों को गर्भगृह में दर्शन के लिए प्रवेश दिया जाए। यह बात उज्जैन प्रवास पर आए आव्हान अखाड़े के अष्ट कोशल महंत राहुल गिरि महाराज ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही। महंत बड़नगर रोड पर स्थित निरंजनी अखाड़े में राष्ट्रीय महाकाल सेना के संस्थापक श्री दिगंबर खुशाल भारत महाराज द्वारा आयोजित धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। उन्होंने कहा वे सुबह महाकाल गए तो समिति के कर्मचारियों ने उन्हें गर्भगृह में जाने से रोका। यदि इस पर निर्णय नहीं लिया तो राष्ट्रीय महाकाल सेना आंदोलन करेगी।





### गढ़कालिका में 1,52500 रुपए की आय

गढ़कालिका मंदिर में अधिकमास के अंतिम दिनों में सर्वाधिक संख्या में दर्शन के लिए श्रद्धालु उमड़े। मंदिर की शासकीय पुजारी महंत करिश्मा नाथ की बैठक के दौरान सबसे अधिक कुमकुम पूजन का रिकॉर्ड दर्ज हुआ। मंदिर समिति के प्रबंधक मूलचंद जाटवा ने बताया 31 मई से 6 जून तक 610 लोगों ने कुमकुम पूजा कराई। जिससे मंदिर समिति को 1 लाख 52 हजार 500 रुपए की आय हुई। यह अपनेआप में रिकॉर्ड है।

# पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद द्वारा चयनित नवाकुंर संस्था देशोत्थान शिक्षा समिति, मोहिनी सेवा समिति, रूपाखेड़ी के ग्राम खामली में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। कार्यक्रम में बच्चों, समुदाय के सदस्यों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में सत्यनारायण शर्मा, संदीप मालवीय, प्रताप भाटी, समिति अध्यक्ष मंजू जैन, प्रिया चंगेसिया, संदीप बोड़ाना, सतीश बैरागी एवं ग्रामवासियों ने रोपित पौधों की देखभाल का संकल्प लिया।